**D.A.V. PUBLIC SCHOOL,THANE**
**SESSION: 2022-2023**
**PERIODIC TEST – I (SET-A)**
**SUBJECT: HINDI**

**STD : VIII** **Max.Marks : 20**
**DATE: 19/07/2022** **TIME : 45 Mins**

---

**सामान्य निर्देश -**

१. इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं |

२. दोनों खंड अनिवार्य हैं |

३. प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए |

---

**खंड-क**

**प्रश्न १. पठित पद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (५ अंक)**

**गरमी की दोपहरी में तपे हुए नभ के नीचे**

**काली सड़कें तारकोल की अंगारे-सी जली पड़ी थीं**

**छाँह जली थी पेड़ों की भी पत्ते झुलस गए थे**

**नंगे- नंगे दीर्घकाय, कंकालों से वृक्ष खड़े थे हों अकाल के ज्यों अवतार ।**

१. प्रस्तुत पद्यांश में 'कंकाल' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?
   क. सड़क के लिए ख. घोड़े के लिए ग. वृक्षों के लिए घ. पत्तों के लिए

२. वृक्षों के पत्ते कैसे हो गए हैं?
   क. हरे-भरे ख. पीले-पीले ग. नीले-नीले घ. झुलसे हुए से

३. 'नभ' शब्द का पर्यायवाची होगा-
   क. धरा ख. वारिद ग. गगन घ. जल

४. 'छाँह जलने' से क्या आशय है?
   क. जलकर राख हो जाना ख. आग निकलना ग. छाँह न मिलना
   घ. छाया में भी तपन महसूस होना

५. प्रस्तुत पद्यांश में कौन-सी ऋतु का वर्णन किया गया है ?
   क. ठंड की ऋतु ख. वर्षा ऋतु ग. वसंत ऋतु घ. गरमी की ऋतु

**प्रश्न २. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप (दो-तीन पंक्तियों) में लिखिए- (कोई -३) (६अंक)**

**क. दरबारियों के मन में दारा के प्रति ईर्ष्या का भाव क्यों आ गया था ?**

**ख. ईर्ष्या करना उचित है या अनुचित ? क्यों ?**

**ग. लेखक का क्या तर्क होता है, जब वे पड़ोसी की केबल का तार काट देते हैं ?**

**घ. लेखक अपने पड़ोसी की पत्नी की तारीफ़ करते हुए अपनी श्रीमतीजी से क्या कहते थे ?**

**खंड-ख**

**प्रश्न ३. व्याकरण - निर्देशानुसार उत्तर लिखिए -**

**१. 'क्षेत्र' तत्सम शब्द का उचित तद्भव शब्द कौन-सा होगा? (१)**

**क. ख़त ख. खेत ग. छत्र घ. खात**

**२. 'नाक' तद्भव शब्द का उचित तत्सम शब्द कौन-सा होगा? (१)**

**क. नासिक ख. नाशिक ग. नासिका घ. नासक**

**३.'प्रदान' शब्द में कौन-सा उपसर्ग लगा है? (१)**

**क. पर ख. प्र ग. प्रदा घ. न**

**४.'पड़ोसी' शब्द में कौन-सा प्रत्यय लगा है? (१)**

**क. सी ख. ई ग. सि घ. ओसी**

**प्रश्न ४. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए - (५ अंक)**

**१. आदर्श व्यक्ति २. ईमानदारी एक नैतिक मूल्य ३. मेरी प्रिय ऋतु**